बाग में पेड़ से लटकता मिला प्रधानाध्यापक का शव, सनसनी

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रतापगढ़। कंधई थाना क्षेत्र के खमपुर गांव स्थित बाग में रविवार को निजी विद्यालय के प्रधानाध्यापक का शव पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए घटना को आत्महत्या का रूप देने की साजिश का आरोप लगाया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के महुली निवासी अवधेश यादव एक निजी विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। रविवार को उनका शव खमपुर गांव के एक बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिलने की सूचना मिली। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। जानकारी मिलने पर परिजन भी पहुंचे। शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या किये जाने की आशंका जताई। उनका आरोप है कि वास्तविक घटना को छिपाने के लिए शव को पेड़ से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। हालांकि, अभी तक मौत के कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जरूरी साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी।



निर्वाचन कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते एडीएम प्रेमचन्द मौर्य।

छूटे पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने में सहयोग करें राजनीतिक दल-एडीएम

२५ तक घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

प्रतापगढ़। निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-२०२६ के बाद मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी प्रेमचन्द मौर्य ने जिला निर्वाचन कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

एडीएम ने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से छूटे पात्र नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। मतदाता पंजीकरण सतत प्रक्रिया है। जिन नागरिकों का नाम अभी तक सूची में शामिल नहीं हुआ है या किसी कारणवश विलोपित हो गया है, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी १० से २५ अक्टूबर २०२६ तक घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। मतदाताओं की सुविधा के लिए बूथों पर विशेष कैंप भी लगाये जाएंगे। इसके तहत १८ और २५ अक्टूबर को विशेष शिविर आयोजित होंगे। एडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी दल अपने बूथ लेवल एजेंटों को निर्देशित करें कि वे बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने में सहयोग करें। उन्होंने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची में अपना नाम जांचने और नाम छूटने पर पंजीकरण के लिए आवेदन करने की अपील की, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

चोरी की घटना का खुलासा, एक आरोपित गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस तथा स्पेशल टीम को चोरी की घटना के खुलासे में सफलता मिली है। बीती छह जुलाई की रात थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गाव में चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर चोरी का केस दर्ज किया था। सांगीपुर पुलिस के साथ स्पेशल टीम घटना के खुलासे में लगी हुई थी। पुलिस टीम ने रविवार की सुबह विंध्यसिंह का पुरवा के एक पोल्टी फार्म के पास कुछ संदिग्धों को टाटा वाहन के साथ रोका। तलाशी लेने पर वाहन से चोरी गया इनवर्टर, बैटरी, सिलाई मशीन, टीवी तथा गैंस सिलेंडर चोरी का निकला। पुलिस के हत्थे एक बदमाश भी चढ़ गया। पकड़े गये आरोपित के खिलाफ अमेठी तथा प्रतापगढ़ जिले के थानों में लूट एवं चोरी का तेरह मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने टाटा वाहन को सीज कर दिया। वहीं पकड़े गये आरोपित थाना क्षेत्र के शाहबरी के भाटन का पुरवा निवासी सचिन गौतम पुत्र सुखराम को पुलिस ने दोपहर बाद जेल भेज दिया।

संदिग्ध दशा में खेत में अचेत मिला युवक

प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बेलही बाग जमेठी गांव निवासी हरिश्चन्द्र का १८ वर्षीय बेटा शिवा रविवार दोपहर खेत गया तो वापस नहीं लौटा। काफी देर तक उसके घर नहीं लौटने पर परिजन खोजने निकले तो वह खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में अचेतावस्था में मिला। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।



खमपुर में शव मिलने की जांच पड़ताल करती पुलिस।

सड़क हादसे में लोजपा जिला उपाध्यक्ष की मौत

परिजनों ने उठाये पुलिस कारवाई पर सवाल

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में लोक जनशक्ति पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विश्वनाथ सरोज की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस पर तहरीर बदलवाने और कारवाई में लापरवाही का आरोप लगाया है।

रविवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी प्रतिनिधिमंडल के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और न्याय का भरोसा दिलाया। दीवान का पुरवा, पूरे किसुनी निवासी विश्वनाथ सरोज सात अक्टूबर की शाम ई-रिक्शा से हुलासगढ़ बाजार जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में अनियंत्रित स्कार्पियो की टक्कर से उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। मृतक के बेटे की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। परिजनों ने चेतरा निवासी यशवंत यादव को नामजद कर कारवाई की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने थानाध्यक्ष राहुल कुमार से फोन पर बात कर मामले में कारवाई की मांग की। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन भी दिया।

दुर्गा पूजा पण्डाल देखने गये सगे भाइयों को पीटा, आठ पर मुकदमा

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के दोनई गांव में शनिवार शाम दुर्गा पूजा पण्डाल देखने गये दो सगे भाइयों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गयी। मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आठ आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी शैलेंद्र दुबे पुत्र रामचंद्र दुबे के अनुसार, गांव में हर वर्ष की तरह इस बार भी दुर्गा पूजा पण्डाल सजाया गया है। शनिवार शाम उनके पुत्र वंश दुबे और अनूप दुबे पण्डाल देखने गये थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के शिवेंद्र दुबे, देवेंद्र दुबे, रजनीश कुमार उर्फ अजय, सौरव दुबे, ऋषभ दुबे, कौस्तुभ दुबे, अखिलेश दुबे और विकास दुबे वहां पहुंच गये। आरोप है कि विवाद के दौरान सभी ने गाली-गलौज करते हुए दोनों भाइयों को लाठी-डंडों से पीटा। हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं और उनके कपड़े भी फट गये। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आठ आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

दूसरी शादी करने और पैतृक मकान में प्रवेश रोकने का आरोप

पति एवं जेठ पर केस

प्रतापगढ़। कोतवाली नगर क्षेत्र के अजीत नगर में पारिवारिक विवाद के मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर उसके पति और जेठ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि पति ने बिना तलाक दूसरी शादी कर ली और पैतृक मकान में हिस्सा बेच दिया। वहीं, घर पहुंचने पर महिला और उसके बच्चों को अंदर नहीं जाने दिया गया। अजीत नगर की बबिता मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पति रमाकान्त मिश्रा ने वर्ष २०१७ में रेनू कुशवाहा नाम की महिला से दूसरी शादी कर ली थी। विरोध करने पर सुलह का आश्वासन दिया गया। आरोप है कि नौ अक्टूबर २०२६ को दिल्ली से बच्चों के साथ घर लौटने पर जेठ विजयकान्त मिश्रा ने उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया। इस दौरान गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। महिला के मुताबिक, पति ने पैतृक मकान में अपने हिस्से का बैनामा जेठ के नाम कर दिया। पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। जांच उपनिरीक्षक राहुल कुमार को सौंपी गयी है।

बस संचालन के नाम पर मांगी १० हजार रुपये रंगदारी

प्रतापगढ़। प्रयागराज-प्रतापगढ़ मार्ग पर भंगवा चौराहे के पास बस संचालन के नाम पर रंगदारी मांगने और विरोध करने पर चालक को थार से कुचलकर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। गांधी ट्रांसपोर्ट के मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांधी ट्रांसपोर्ट के मैनेजर सलमान के अनुसार, १० अक्टूबर को सुबह करीब ११.३० से दोपहर १२ बजे के बीच उनकी बस को भंगवा चौराहे के पास रोक लिया गया। आरोप है कि लाइन स्टार बस सर्विस के संचालक अरसद और फजल, निवासी बेली, प्रयागराज ने मार्ग पर बस चलाने के बदले १० हजार रुपये प्रतिमाह रंगदारी मांगी। सलमान ने रकम देने से इनकार किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान आरोपितों ने जान से मारने की नीयत से अपनी काली थार बस चालक वकील के ऊपर चढ़ा दी। इससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गयी।

स्कूली परिवेश में पठन-पाठन की गुणवत्ता हो सुदृढ़-डीएम

छात्रों की सुविधाओं के लिए कई घोषणाएं

लालगंज, प्रतापगढ़। पहाड़पुर स्थित बीडी दुबे इंटर कालेज में रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक हुई। इसमें विद्यालय में शैक्षिक वातावरण बेहतर बनाने और छात्र-छात्राओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर चर्चा की गयी। डीएम ने कहा कि बेहतर पीढ़ी के निर्माण के लिए स्कूली परिवेश में पठन-पाठन की गुणवत्ता को सर्वाच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

बैठक से पहले डीएम ने विद्यालय के संस्थापक स्व० पं. भगवानदीन दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने विद्यालय तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग से पक्की सड़क बनवाने की स्वीकृति दी। साथ ही परिसर में शौचालय, छात्राओं के लिए कामन रूम, पुस्तकालय में किताबों तथा कंप्यूटर सेट की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। पेयजल के लिए आरओ लगाने की भी मंजूरी दी। डीएम ने छात्रवृत्ति संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को १५ दिन के भीतर शिविर लगाने के निर्देश दिये। कृषि विभाग को आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाने तथा स्वास्थ्य विभाग को छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित करने को कहा। विद्यालय के पीछे खाली जमीन पर पौधरोपण कराने के निर्देश भी दिये। गणित, भौतिक विज्ञान और जीव विज्ञान में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रभावी कदम उठाने को कहा। बाद में डीएम ने विद्यालय का निरीक्षण किया। पुस्तकालय में किताबों का बेतरतीब रखरखाव और साफ-सफाई की कमी मिलने पर प्रधानाचार्य को फटकार लगायी। उन्होंने विद्यालय के समीप पुराने अस्पताल भवन का भी जायजा लिया। बैठक में प्रबंधक नवीन कुमार दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष माला दुबे, उपाध्यक्ष जया त्रिपाठी, प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय सहित प्रबंध समिति के पदाधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे। समिति की ओर से डीएम को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

मां ज्वाला देवी धाम में नौ दिवसीय नवरात्र मेले की हुई शुरुआत

परियावां, प्रतापगढ़। मानिकपुर स्थित सिद्धपीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम में रविवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन नौ दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। एसडीएम एवं मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव ने सपत्नीक माता रानी का दर्शन-पूजन किया। मंदिर ट्रस्ट के सचिव डा. विजय यादव और मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार राय ने भी पूजा-अर्चना की। पूजन पुजारी गंगा प्रसाद शुक्ल ने सम्पन्न कराया।

मेले का शुभारंभ करते हुए एसडीएम ने सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि धार्मिक मेले आस्था और विश्वास के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से श्रद्धालुओं में भक्ति भावना का संचार होता है और धर्म के प्रति विश्वास मजबूत होता है। मंदिर ट्रस्ट की ओर से मां दुर्गाकी नौ शक्तियोंका आह्वान कर मेला सकुशल सम्पन्न होनेकी कामनाकी गयी। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने प्रशासन और नगरवासियों से मेले में सहयोग की अपील की। थाना प्रभारी पंकज कुमार राय ने बताया कि शाहाबाद गंगा स्नान घाटसे मां ज्वाला देवी धाम तक पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में परेशानी न हो। मेले का आयोजन मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन की निगरानी में किया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जातिसूचक गाली-गलौज का आडियो वायरल

आरोपित पर एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र में जातिसूचक गाली-गलौज का कथित आडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने दिलीप यादव उर्फ भोले के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित संग्रामपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है।

लवाना निवासी ब्लाक प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि १० अक्टूबर २०२६ को आलापुर बाजार में एक आडियो सार्वजनिक रूप से बजाया गया। इसमें दिलीप यादव द्वारा ओम प्रकाश उर्फ जोखू, प्रधान पति के मोबाइल नंबर पर बातचीत के दौरान ब्राह्मण और पासी समाज के खिलाफ अभद्र एवं जातिसूचक गालियों का इस्तेमाल किये जाने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इस तरह की भाषा से विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैल सकता है और सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है। मामले को लेकर संबंधित समाज के लोगों ने आरोपित की गिरफ्तारी की मांग की है। आडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में आरोपों की जांच और आगे की कारवाई पुलिस द्वारा की जाएगी।



जिला कारागार में भजन-कीर्तन करते कैदी।

जिला कारागार में बंदियों ने रखा नवरात्र का व्रत, मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

प्रतापगढ़। नवरात्र पर्व के अवसर पर जिला कारागार प्रतापगढ़ में बंदियों ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आदिशक्ति मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। कारागार के चिकित्सालय परिसर में स्थापित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में नवरात्र के पहले दिन से धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पूजा और आरती से जेल का वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कारागार प्रशासन के अनुसार, नवरात्र पर ३० महिला और २७४ पुरुष बंदियों सहित कुल ३०४ बंदियों ने व्रत रखा। इनमें चार मुस्लिम बंदी भी शामिल हैं। व्रत रखने वाले बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित मात्रा में उबला आलू, फल, दूध और चीनी उपलब्ध कराई गई, ताकि उन्हें उपवास के दौरान आवश्यक खाद्य सामग्री मिल सके। नवरात्र पर्व को लेकर बंदियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बंदियों ने विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आरती की। कारागार के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। जेल प्रशासन की ओर से पर्व के दौरान धार्मिक गतिविधियों की व्यवस्था की गयी। इस मौके पर जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी, जेलर वीरेंद्र कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर लालाराम वर्मा और डिप्टी जेलर कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

भव्य झांकियों के साथ निकली शिव बारात, श्रद्धालु बने बाराती

प्रतापगढ़। श्रीरामलीला समिति की ओर से रविवार को गोपाल मंदिर से भगवान भोलेनाथ की भव्य शिव बारात निकाली गयी। समिति पदाधिकारियों ने भगवान शिव की आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। हाथी-घोड़े, देवगण, भूत-प्रेत और राजा-महाराजाओं की झांकियों के बीच तमाम श्रद्धालु बाराती बनकर शामिल हुए। महिलाओं की टोली ने नाचते-गाते हुए उत्सव की शोभा बढ़ाई।

शिव बारात गोपाल मंदिर से भरत चौक और भगवा चुंगी होते हुए चौक पहुंची। इसके बाद चिलबिला हनुमान मंदिर होते हुए चिलबिला स्टेशन चौराहे पर पहुंची। यहां हाइड्रोलिक मंच पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सम्पन्न कराया गया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और बारातियों के लिए जलपान की व्यवस्था की। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था संभाली गयी। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, विभाग प्रचारक ओमप्रकाश, सपा नेता संजय पांडेय, समिति संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश प्रताप सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता सहित समिति के पदाधिकारी और सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे। महिला टोली में अर्चना खंडेलवाल, बीना केसरवानी, अर्चना गुप्ता और वंदना गुप्ता सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। समिति ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग के प्रति आभार जताया।



शिव बारात में शामिल रामलीला समिति के पदाधिकारी एवं श्रद्धालु।

धोखाधड़ी के दो आरोपित गिरफ्तार

बाबागंज, प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के उमरी कोटिला गांव निवासी फूलकली पत्नी लल्लू ने वर्ष २०२२ में दो लाख तीस हजार रुपये देकर जमीन का बैनामा कराया। पैमाइश के दौरान पता चला कि बैनामे वाली जमीन विक्रेता के नाम है ही नहीं। पीड़िता ने न्यायालय में वाद दायर किया तो न्यायालय के आदेश पर २०२५ में रोहित कुमार, राम किशुन के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। उसी मामले में फरार चल रहे राम किशुन और रोहित कुमार को उप निरीक्षक जिलेदार पाल ने पुलिस टीम के साथ रविवार को गिरफ्तार कर लिया। विधिक प्रक्रिया पूरी कर उनको न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

नवरात्र के पहले दिन सजे दुर्गा पूजा पण्डाल

मां शैलपुत्री की आराधना में जुटे श्रद्धालु

परियावां, प्रतापगढ़। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को क्षेत्र के मंदिरों और दुर्गा पूजा पण्डालों में मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गयी। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में नौ दिवसीय नवरात्र पर्व का शुभारंभ हो गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र में चार दर्जन से अधिक दुर्गा पूजा पण्डाल सजाये गये हैं। आकर्षक सजावट और विद्युत झालरों से जगमगाते पण्डाल श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। नवरात्र को लेकर पूजा समितियों ने कई दिनों से तैयारियां की थीं। विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजन-अर्चन शुरू किया गया। पण्डालों में बज रहे भक्ति गीतों और मां के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। गांवों में भी श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ मां की आराधना कर रहे हैं। कालाकांकर विकासखंड के प्रसिद्ध ज्वालामुखी देवी मंदिर मानिकपुर, माता मैया धाम परियावां और नौलखा मंदिर लवाना भवानीगंज में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। मंदिरों में कीर्तन, भजन और जागरण सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। नवरात्र के नौ दिनों तक क्षेत्र में पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहेगा।

केवाईसी अपडेट के नाम पर ३.१४ लाख रुपये की ठगी

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बाभनपुर रेडीगारापुर गांव निवासी नंदलाल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि छह अक्तूबर को जालसाज ने बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट करने के नाम पर मोबाइल पर एपीके फाइल भेजी। उसे इंस्टाल करने के दो दिन बाद उनके दो बैंक खातों से तीन लाख चौदह हजार रुपये से अधिक की रकम निकाल ली गयी। पीड़ित की उक्त तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन १९३० पर शिकायत दर्ज कराने के साथ पुलिस को बैंक स्टेटमेंट उपलब्ध कराया है।

आपदा राहत राशि में अनियमितता का आरोप

डीएम को सौंपा शिकायत पत्र

कोहंडौर, प्रतापगढ़। नगर पंचायत कोहंडौर के रामापुर और पूरे बैजू वार्ड में आपदा राहत राशि के वितरण में अनियमितता का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं विवेक कुमार, सावित्री, सुशीला, मिट्ठू लाल और आशा देवी का आरोप है कि बारिश में मकान गिरने की सूचना पर जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान रिंकी पत्नी हरिओम गौड़, विमला पत्नी बृजलाल पाल और विद्यादेवी के पैतृक मकानों की जांच करायी गई, जबकि उनके पक्के मकान पीछे बने हैं और परिवार उनमें रहते हैं। आरोप है कि संबंधित परिवारों को आपदा प्रबंधन के तहत १.२० लाख रुपये की सहायता दिलाई गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्यों के नाम आवास स्वीकृत होने और धनराशि मिलने की बात भी कही गयी है। शिकायतकर्ताओं ने तथ्यों की जांच कराकर सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकने की मांग की है।

शिक्षक भर्ती के नाम पर ९.१३ लाख रुपये की ठगी

पूर्व प्रधानाचार्य और बेटे पर केस

प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में सहायक अध्यापक के पद पर स्थायी नियुक्ति दिलाने का झांसा देकर ९.१३ लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने स्कूल के तत्कालीन प्रधानाचार्य और उनके बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। सुल्तानपुर जिले के मदारडीह निवासी भानु प्रकाश दुबे ने आरोप लगाया कि यशोदानंदन जूनियर हाईस्कूल, गधियावा के तत्कालीन प्रधानाचार्य नारायण दास पांडेय और उनके बेटे सुनील पांडेय ने उन्हें सहायक अध्यापक के पद पर स्थायी नियुक्ति दिलाने का भरोसा दिया था। आरोपितों के आश्वासन पर उन्होंने एक अप्रैल २०२४ से २० मार्च २०२५ के बीच कुल ९ लाख १३ हजार रुपये दिये। इसमें ६ लाख ७३ हजार रुपये नकद और २ लाख ४० हजार रुपये बैंक के माध्यम से स्थानांतरित किये गये।

आरोप है कि रकम लेने के बाद भी नौकरी नहीं दिलाई गयी। रुपये वापस मांगने पर टालमटोल की जाती रही। पीड़ित ने शिकायत के साथ आडियो रिकार्डिंग और बैंक स्टेटमेंट भी दिये। पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। जांच उपनिरीक्षक संजय कुमार को सौंपी गयी है।

साड़ी दिखाने के बहाने दुकान पर बुलाकर महिला से छेड़खानी

मुकदमा दर्ज

बाबागंज, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नरई चौराहे पर महिला से छेड़खानी और जातिसूचक गाली देने के आरोप में पुलिस ने कपड़ा दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक को सौंपी गयी है।

पुलिस के अनुसार, १० अक्टूबर २०२६ को दोपहर करीब तीन बजे महिला नरई चौराहे पर सामान खरीदने आई थी। सामान लेकर लौटते समय कपड़े की दुकान चलाने वाले प्रेमचन्द्र केसरवानी ने नई साड़ियां दिखाने के बहाने उसे दुकान पर बुलाया। आरोप है कि महिला के मना करने पर दुकानदार ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर संग्रामगढ़ पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मारपीट, एससीएसटी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक राजीव द्विवेदी मामले की जांच करेंगे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए बूथों पर लगे विशेष शिविर

जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रतापगढ़। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए रविवार को जिले के सभी बूथों पर विशेष कैंप लगाये गये। अभियान का उद्देश्य पुनरीक्षण से छूटे पात्र नागरिकों और पहली बार मतदान के योग्य युवाओं का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करना है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकासखंड सदर के प्राथमिक विद्यालय सगरा स्थित बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, प्राप्त आवेदनों और अभियान की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान भाग संख्या २८ पर बीएलओ सुषमा, भाग संख्या २९ पर बीएलओ सुशील कुमार और भाग संख्या ३० पर बीएलओ कमला देवी उपस्थित मिलीं। सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा भी मौजूद रहे। बीएलओ ने बताया कि बूथ संख्या २८ पर फार्म-६ के दो और बूथ संख्या ३० पर भी फार्म-६ के दो आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान से छूटे पात्र नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए। डीएम ने गांवों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से वंचित न रहे।



प्राथमिक विद्यालय सगरा बूथ का निरीक्षण करते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

संक्षिप्त समाचार

सरकारी चकमार्ग पर कब्जे और धमकी देने के आरोप में चार पर केस

प्रतापगढ़। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के मरुआन गांव में सरकारी चकमार्ग पर कब्जा करने और विरोध करने पर गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी सुभाष सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि हीरालाल सिंह, जगदीश सिंह, मदनलाल पाल और शिव प्रसाद पाल ने गाटा संख्या ४२९ स्थित सार्वजनिक चकमार्ग पर अवैध कब्जा कर रखा है। चार जुलाई २०२६ को राजस्व टीम ने पैमाइश कर रास्ता खाली करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन आरोपितों ने रास्ता खाली नहीं किया। आरोप है कि कब्जे का विरोध करने पर आरोपितों ने वादी के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर दिलीपपुर पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक नन्दू यादव को सौंपी गयी है।

दुर्गा पूजा पण्डाल पर अभद्र टिप्पणी, इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ कारवाई की मांग

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र में ३८ वर्षों से सजाये जा रहे दुर्गा पूजा पण्डाल को लेकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर संबंधित इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ कानूनी कारवाई की मांग की है।

पट्टी निवासी सनी जायसवाल पुत्र सत्य प्रकाश जायसवाल के अनुसार, वह पिछले ३८ वर्षों से दुर्गा पूजा पण्डाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार पूजा का आयोजन किया जा रहा है। आरोप है कि इंस्टाग्राम पर खुशी पटेल नाम से बने अकाउंट से पण्डाल और धार्मिक आस्था के संबंध में अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं। इससे श्रद्धालुओं में नाराजगी है। सनी जायसवाल ने पुलिस से संबंधित अकाउंट की तकनीकी जांच कराकर आईटी एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में कारवाई की मांग की है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

दो घरों में चोरी, जेवरात और नकदी सहित सामान उठा ले गये चोर

गड़वारा, प्रतापगढ़। जिले में चोरों ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में घरों को निशाना बनाकर जेवरात, नकदी और अन्य सामान पार कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। कोतवाली देहात क्षेत्र के बड़ी नरिया गांव में ११ अक्टूबर की रात चोर घर में घुस गये। सरोजा देवी पत्नी धर्मराज के मुताबिक, परिवार के लोग सो रहे थे। इसी दौरान चोर पीछे की दीवार से घर में दाखिल हुआ। सुबह करीब तीन बजे बेटी पूजा की नींद खुली तो चोर भागता दिखायी दिया। चोर संदूक का ताला तोड़कर सोने के झुमके, करीब १०० ग्राम चांदी की पायल, पांच हजार रुपये नकद और जरूरी कागजात ले गया। उधर, अंतू थाना क्षेत्र के संग्रामपुर किला फुलवारी गांव में राम आधार और उनके भाई केदारनाथ के घरों में भी चोरी हुई। आरोप है कि चोर ताला तोड़कर सोने-चांदी के गहने, कपड़े, बर्तन सहित अन्य सामान उठा ले गये। राम आधार ने अंतू पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी, भर्ती

पट्टी, प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उमरडीहा गांव में शनिवार देर रात एक युवक की हालत अचानक बिगड़ गयी। उल्टियां होने के बाद वह बेहोश हो गया। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर उपचार शुरू किया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। उमरडीहा गांव निवासी रंजीत सरोज शनिवार को काम से घर लौटा था। देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसे लगातार उल्टियां होने लगीं और कुछ ही देर में वह बेहोश हो गया। युवक की हालत देखकर परिजनों और ग्रामीणों को आशंका हुई कि उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है। इसके बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक को भर्ती कर उपचार शुरू किया।